Media Scanning & Verification Cell

Government of India

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7510	03.07.2023	05.07.2023	Jaipur Rajasthan	www.mid-day.com/English https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/jaipur/news/leptospirosis-spreading-from-rats-to-humans-affected-11-districts-of-the-state-37-cases-in-jaipur-131475050.html
Title:	**Leptospirosis spreading from rats to humans affected 11 districts of the state, 37 cases in Jaipur, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Jaipur, SSU- Rajasthan			

प्रदेश में बारिश के बाद माइट या पिस्सू के काटने से फैलने वाली स्क्रब टायफस के साथ-साथ चूहों से इंसानों में फैलने वाली लैप्टोस्पायरोसिस का खतरा मंडरा रहा है। बीमारी का कारण लैप्टोस्पायरोसिस बैक्टीरिया है।

जयपुर में लैप्टोस्पायरोसिस के 37 मामले आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ गई है। प्रदेश में जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुन्झुनू, टोंक, भरतपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, धौलपुर व चित्तौडगढ़ समेत 11 जिले प्रभावित है। वर्ष-2021 में 60 और वर्ष-2022 में 157 पॉजिटिव मिले है।

ऐसे फैलती है बीमारी

लगातार बारिश होने और चूहों की संख्या बढ़ने पर बैक्टीरिया आसानी से फैल सकता है। संक्रमित चूहों के मूत्र में बड़ी मात्रा में लेप्टोस्पायर्स होते हैं, जो पानी में मिल जाते हैं। खतरनाक जीवाणु आंख, नाक या मुंह के जरिए शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। स्किन में जहां भी कट लगा हो या घाव होने पर उसके जरिए ये शरीर में प्रवेश कर आमजन की सेहत को बिगाड़ देते है। डॉक्टरों ने बारिश का पानी और चूहों से दूर रहने से बचने की सलाह दी है।

भास्कर एक्सप्लेनर

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,

Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

बारिश के दौरान पानी एकत्र होने और बहते पानी के कारण यह संक्रमण पानी में मिलकर उसे दूषित कर देता है और इसी वजह से मानसून में लैप्टोस्पायरोसिस होने की आशंका दोगुनी से भी ज्यादा हो जाती है। देश में लैप्टोस्पायरोसिस से प्रभावित राज्यों में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, प. बंगाल, उड़ीसा, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक है। कुछ राज्य ऐसे हैं, जहां पर बीमारी से पीड़ित होने पर जान गंवानी पड़ रही है।

लक्षण : बीमारी से पीड़ित मरीजों में तेज बुखार, सिरदर्द, ठंड के साथ मांसपेशियों में दर्द होना, उल्टी-दस्त, पीलिया और आंखें लाल हो जाना, पेट दर्द। अधिकतर लक्षण डेंगू से मिलते जुलते हैं।

ऐसे बचें : गंदे पानी में घूमने से बचें। शरीर पर चोट लगे स्थान को ढक कर रखें। बंद जूते और मौजे पहनें। पैरों को अच्छी तरह से साफ करें और तौलिए से सुखाएं, क्योंकि गीले पैरों में फंगल इंफेक्शन हो सकता है। पालतू जानवरों को टीका लगवाएं, क्योंकि जानवरों के जरिए यह संक्रमण आप तक आ सकता है। वॉटर प्रूफ ड्रेसिंग के साथ त्वचा के घावों को कवर करें। बीमार या मृत जानवरों को छूने से बचने के साथ ही घावों को धोएं।